




नवभारत
भोपाल, शुक्रवार, 15 अगस्त 2025


# बैतूल की मिट्टी में जिंक, सल्फर और नाइट्रोजन की भारी कमी

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 11 अगस्त. जिले की कृषि योग्य भूमि की मिट्टी में पोषक तत्वों की लगातार कमी होती जा रही है। यहां मिट्टी परीक्षण में जिंक-सल्फर और नाईट्रोजन की भारी कमी सामने आई है, जो कि चिंता का कारण बनी हुई है।**

**किसान नहीं कराते मिट्टी का परीक्षण**

**रासायनिक खाद मिट्टी से छीन रही पोषक तत्व**

अगर जमीन के पोषक तत्वों को ध्यान में रखते हुए खेती नहीं हुई तो आने वाले दिनों में इसका विपरीत प्रभाव देखने को मिलेगा। मिट्टी परीक्षण केन्द्र से मिली जानकारी के मुताबिक मिट्टी के 100 सैंपलों में से 70 प्रतिशत सैंपलों में जिंक-सल्फर और नाईट्रोजन की कमी पाई गई है। हालांकि कृषि विभाग हर वर्ष समस्या के समाधान के लिए लगातार किसानों को खेतों पर खरपतवार नहीं जलाने, रासायनिक खाद के बजाय जैविक खाद का प्रयोग करने व बुवाई से पहले मृदा परीक्षण कराने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, लेकिन अभी वांछित सफलता नहीं मिली है। बता दे कि मिट्टी में कार्बन, हाइड्रोजन, ऑक्सीजन, नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, कैल्सियम, मैग्नीशियम, सल्फर, जिंक, आयरन, कॉपर, बोरान, मैगनीज, मोलिबडनम, क्लोरीन व जिंक सल्फर सहित कुल 16 पोषक तत्व होते है, जो सभी प्रकार के पौधे और फसलों के जीवनचक्र के लिए जरुरी है। इसमें यदि किसी भी पोषक तत्व की कमी



रह जाती है, तो फसल की पैदावार कम होती है। जिंक की कमी से पौधे की नीचे की पत्तियां पीली पड़ जाती हैं, लाल धब्बे भी हो जाते हैं, जिसके कारण पौधा सूर्य की किरणों से अपना पर्याप्त भोजन प्राप्त नहीं कर पाता है और उत्पादन पर असर पड़ता है।

**4 महीने में 2200 सैंपलों की जांच :** प्राप्त जानकारी के मुताबिक बैतूल बाजार मिट्टी परीक्षण केन्द्र पर अप्रैल से लेकर अब तक इस चार माह के भीतर में 2200 सैंपलों की जांच हुई है। इन सैंपलों की जांच में पोटाश की अधिकता पाई गई है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है, मिट्टी में किसी भी पोषक तत्व की अधिकता अच्छी नहीं है। किसान मिट्टी परीक्षण के बाद ही आवश्यकतानुसार खेतों में उर्वरकों का उपयोग करें। लेकिन कृषि वैज्ञानिकों की माने तो किसान फसल उत्पादन बेहतर प्राप्त करने के लिए बड़े स्तर पर रासायनिक खादों का प्रयोग ज्यादा करते है, लेकिन जिंक, सल्फर नहीं डाल रहा है। क्योंकि ज्यादातर खादों में जिंक की मात्रा कम होती है या नहीं होती है।

> 4 महीने के भीतर लगभग 2200 मिट्टी सैंपलों की जांच हुई, जिसमें जिंक-सल्फर और नाईट्रोजन पोषक तत्वों कमी पाई है। 70 प्रतिशत सैंपलों में पोटाष की मात्रा अधिक पाई है।
>
> **चन्द्रशेखर चौधरी,** सहायक भू सर्वेक्षण अधिकारी, बैतूल

### बिना मिट्टी परीक्षण के खाद का उपयोग

कृषि के क्षेत्र में अधिकतर किसान बिना मिट्टी परीक्षण के बोनी करते हैं। ऐसे में फसल उत्पादन पर भी इसका असर पड़ने लगा है। किसान मिट्टी परीक्षण किए बिना अंदाज से रासायनिक उर्वकों का सबसे ज्यादा उपयोग करते हैं। जबकि किसी भी पोषक तत्व की अधिकता फसलों के लिहाज से ठीक नहीं है। जिले की मिट्टी में पोटाश की अधिकता पाई गई है, जो चिंता का कारण बनते जा रही है। रासायनिक उर्वरकों का बिना विशेषज्ञ और जांच के अंधाधुंध प्रयोग किया जा रहा है। साल-दर-साल धरती में घटते पोषक तत्वों से फसल उत्पादन पर भी इसका सीधा असर देखने को मिल रहा है। पोषक तत्वों का संतुलन बिगडने से फसलों पर भी विपरीत प्रभाव देखने को मिलता है। किसानों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। अधिक उत्पादन के पीछे दौड़ते हुए किसानों को रासायनिक उर्वरकों का उपयोग संतुलित मात्रा में करना चाहिए।

### ढाई लाख किसान, कम ही कराते हैं मिट्टी परीक्षण

वैसे तो जिले में करीबन 3 लाख हेक्टेयर भूमि में खेती होती है। जिसमें करीब ढाई लाख किसान खरीफ, रबी सहित अन्य फसल के अलावा सब्जियों का उत्पादन लेते है। लेकिन ढाई लाख किसानों में से कम ही ऐसे किसान है जो मिट्टी का परीक्षण कराते है। बैतूल बाजार के सहायक भू सर्वेक्षण अधिकारी चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि क्षमता के अनुरूप हर साल करीब दस हजार मिट्टी के नमूनों की जांच की जाती है। जिसमें बैतूल जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिंक, सल्फर की कमी सामने आई है। जिसके पीछे कारण यह है कि किसान सिर्फ डीएपी और यूरिया ही खेतों में डालते हैं। जिससे मिट्टी में सिर्फ नाइट्रोजन और फास्फेट की ही कमी पूरी हो पाती है। शेष पोषक तत्व के लिए किसानों द्वारा कोई प्रयास नहीं किया जाता है।

## एक नजर में

### डॉ. अभिजीत सिंह ने संभाला बैतूल एसडीएम का पदभार

**बैतूल।** डिप्टी कलेक्टर डॉ. अभिजीत सिंह ने मंगलवार को बैतूल एसडीएम का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर तहसीलदार गोवर्धन पाटे, नायब तहसीलदार श्याम सिंह उइके, प्रवाचक द्वितीय दांडिक महेश जैन, नगर राजस्व निरीक्षक भीमराव पोटफोड़े, पटवारी सुभाष पवार, राजस्व निरीक्षक डायवर्सन राहुल इवने सहित तहसील कार्यालय और एसडीएम कार्यालय के समस्त स्टाफ ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके पूर्व सिंह शाहपुर में 2 साल तक एसडीएम रहे। डॉ. सिंह ने स्पष्ट किया कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### प्रभारी मंत्री करेंगे स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण

**बैतूल।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह स्थानीय पुलिस ग्राउंड में आयोजित होगा। समारोह में राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग व प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य समारोह में प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि राज्य मंत्री श्री पटेल ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर सलामी एवं राष्ट्रगान होगा। तत्पश्चात मुख्य अतिथि परेड निरीक्षण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री जी के संदेश का लाइव प्रसारण होगा। इसके उपरांत स्वतंत्रता दिवस परेड एवं मार्च पास्ट का आयोजन होगा। इसके पश्चात् स्कूली विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कारों एवं प्रशस्ति-पत्रों का वितरण होगा।

### सामाजिक जन कल्याण समिति करेगी झंडा वंदन

**बैतूल।** सामाजिक जन कल्याण समिति द्वारा आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर चौक पर सुबह 9 बजे झंडा वंदन किया जाएगा। समिति अध्यक्ष सूरजलाल मंडलेकर ने सभी सदस्यों से सफेद यूनिफॉर्म में समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है। झंडा वंदन के बाद बुद्ध वंदना का आयोजन किया जाएगा और प्रसाद का वितरण होगा। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य माणिकराव कापसे सहित सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की द्वितीय किश्त का वितरण

**बैतूल।** प्रदेश के किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 की द्वितीय किश्त का वितरण 14 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मंडला जिले से किया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें अपर कलेक्टर राजीव नंदन श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। मण्डला जिले में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से किसानों को दिखाया गया। इस दौरान बैतूल जिले के 2 लाख 61 हजार 642 किसानों को कुल 52 करोड़ 32 लाख 84 हजार की राशि अंतरण की गई।

## विभाजन की दर्दनाक कहानियां दशकों तक न लिखी गईं न बोली गईं

**बैतूल।** विभाजन विभिषिका दिवस पर भाजपा द्वारा गुरूवार को विजय भवन में आयोजित जिला स्तरीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता एवं लोकतंत्र सैनानी मोतीलाल कुशवाह ने कहा कि भारत के विभाजन की दर्दनाक कहानी दशको तक न लिखि गई ,न बोली गई और न ही किसी पाठयक्रम में कोई स्थान दिया गया। श्री कुशवाह ने कहा कि जो राष्ट्र अपने पूराने घाव को याद नही करता वह राष्ट्र सामाजिक रूप से कभी स्वस्थ्य नही रह सकता। उन्होने कहा कि विभाजन विभिषिका दिवस उन भूले बिसरे लोगो को याद करने का दिन है




जिन्होने विभाजन की त्रासदी को झेला है। श्री कुशवाह ने कहा कि जब तक अखण्ड भारत का सपना साकार नही हो जाता तब तक हम आने वाली पीढी को विभाजन का असली सच बताते रहेगें। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम कोई राजनैतिक कार्यक्रम नही बल्कि इतिहास की गलतियों से सबक लेने का दिन है। देश का विभाजन हमें याद दिलाता है कि तुष्टिकरण की राजनीति देश के लिए कितना घातक है। वे ताकते आज भी किसी न किसी रूप में सक्रिय है जिन्होने देश का विभाजन स्वीकार किया था। कपूर ने सुनाई विभाजन की त्रासदी - संगोष्ठी में अपने विचार रखते हुए पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कपूर ने कहा कि हमने अपने पूर्वजो से विभाजन के समय हुई त्रासदी के किस्से सूने है। उन बातों को याद कर आज भी रोंगटे खडे हो जाते है। जिन परिवारो ने विभाजन की त्रासदी को जीया है उन्हे आज भी आजादी का जश्न अच्छा नही लगता। श्री कपूर ने बताया कि मेरी दादी बताती थी कि शरणार्थी शिविर में प्रताडनाएं समाप्त नही होती थी।

## बीजासनी मंदिर में मनाया जाएगा कृष्ण जन्मोत्सव

**बैतूल।** बैतूल गंज स्थित बीजासनी माता मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव की तैयारियां जोरों से प्रारंभ हो गई है इस अवसर पर मंदिर समिति के सभी सदस्य जोर-शोर से मंदिर की सजा सज्जा हेतु जुट गए हैं , एवं इस बार राधा कृष्ण जी, गौ माता एवं लड्डू गोपाल जी की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। साथ ही बैठक व्यवस्था को देखते हुए एलईडी की विशेष व्यवस्था की गई है जिससे श्रद्धालु मंदिर के बाहरी प्रांगण में भी बैठकर भजन संध्या एवं दर्शनों का लाभ ले सकेंगे। मंदिर संस्थापक एवं समिति अध्यक्ष पंडित दीपक शर्मा ने बताया कि इस बार बैठक



व्यवस्था का विशेष प्रबंध किया गया है जिससे बारिश आने पर भी बाहरी प्रांगण में श्रद्धालु एलईडी विजुअल के माध्यम से भजन संध्या एवं दर्शनों का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि 16 अगस्त शनिवार को रात्रि 8 बजे से विशाल भजन संध्या प्रारंभ होगी एवं ठीक रात्रि 12 बजे भगवान का जन्म होगा, 56 भोग, माखन मिश्री, पंजरी एवं फलाहारी खिचड़ी का महा भोग लगेगा, महाआरती होगी एवं प्रसाद वितरण होगा। बैतूल के समस्त धर्म प्रेमियों से उन्होंने कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होने की अपील की है।

## स्वदेशी अपना कर अखण्ड भारत संकल्प को प्राप्त कर सकते है : डोंगरे

**बैतूल। सचिव महर्षि अरविंद शिक्षा समिति सरस्वती विद्या मंदिर कालापाठा में गुरुवार को भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।**

जिसमें विनय डोंगरे ने कहा कि हम 100 वर्षो से इस संकल्प को लेकर चल रहे है कि भारत अखंड होगा और 2047 तक भारत जग सिरमौर होगा। आज यह सेनाओं से नहीं आर्थिक परिदृश्य से लड़ा जाएगा। जिसका बाजार पर जितना हिस्सा होगा वही विश्व का प्रमुख राष्ट्र होगा। हमारे पास विश्व का सबसे बड़ा बाजार है और हम हमारे देश में उत्पादित वस्तुओं का उपयोग करके हम विश्व के प्रमुख राष्ट्र बन सकते है। इस अवसर पर विद्यालय की कक्षा 11वीं की छात्रा रितिका काले एवं चेतन लोखंडे ने भी विचार रखे। आचार्य परिवार से भूपेंद्र पवार ने अखण्ड भारत के भौगोलिक स्वरूप को प्रदर्शित किया। विद्यालय के प्राचार्य संजय उपाध्याय ने अखण्ड भारत की संकल्पना को अपने ध्यान मे रखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्टाफ सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## मानव श्रृंखला से सजीव हो उठी तिरंगे की आकृति

**बैतूल।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में मानव श्रृंखला बनाकर हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता का संदेश अनोखे तरीके से दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विभिन्न संगठनों द्वारा विगत एक सप्ताह से तिरंगा यात्रा व रैली का आयोजन कराया जा रहा है। जिला मुख्यालय पर उत्कृष्ट विद्यालय में 13 मप्र बटालियन एनसीसी नर्मदापुरम के कमान अधिकारी कर्नल एसपी सिंह द्वारा जारी निर्देश व प्राचार्य सत्येंद्र उदयपुरे के मार्गदर्शन में लगभग दो सैकड़ा से भी अधिक कैडेट्स व



विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा के आकृति की मानव श्रृंखला बनाई गई। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में बनाई गई इस श्रृंखला का सफल संचालन संस्था एनसीसी ऑफिसर ओम द्विवेदी द्वारा किया गया जिसमें एनसीसी के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र सैनिक, 14 पूर्व छात्र सैनिक व शाला के अन्य छात्र शामिल हुए। श्रृंखला में कैडेट्स ने देश भक्ति के नारे लगाकर जोश भर दिया। श्रृंखला को विद्यालय के पूर्व एनसीसी छात्र मोनू पाटनकर व एडिटर भरत डोंगरे ने ड्रोन से शूट कर सहयोग दिया गया। एनसीसी प्लाटून द्वारा विद्यार्थियों को तिरंगा लगाने हेतु 151 राष्ट्रीय ध्वज का वितरण किया गया।

## थाना गंज पुलिस की त्वरित कार्रवाई से महिला की जान बची

**बैतूल।** पुलिस ने आत्महत्या का प्रयास कर रही महिला महिला की जान बचाई। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन, बैतूल में रहने वाली एक महिला अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास कर रही है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज पाल के निर्देश पर पुलिस मौके पहुंची। पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर देखा कि महिला ने फांसी का फंदा लगा लिया है। टीम ने त्वरित एवं साहसिक कार्रवाई करते हुए फंदा काटकर महिला को नीचे उतारा और प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। पूछताछ में महिला ने बताया कि पति से कहासुनी हो जाने के बाद उसने केवल डराने के उद्देश्य से यह कदम उठाया था। महिला को थाने लाकर परामर्श एवं समझाइश दी गई। बाद में उसे सकुशल उसके पति के साथ घर भेजा गया। इस पूरे प्रकरण में निरीक्षक नीरज पाल, उप निरीक्षक रश्मि ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक किशोरीलाल, प्रधान आरक्षक आशीष, प्रधान आरक्षक संध्या, प्रधान आरक्षक गीता, आरक्षक अनिरुद्ध, आरक्षक शिवशंकर देवड़ा एवं आरक्षक नवीन रघुवंशी का विशेष योगदान रहा। उनकी सतर्कता, तत्परता एवं मानवीय संवेदनशीलता के कारण एक बहुमूल्य जीवन बचाया जा सका।

## ऑफिसर इंचार्ज ने ली कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक

**बैतूल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बैतूल कार्यालय सभाकक्ष में ऑफीसर इंचार्ज डॉ अश्विनी भागवत भोपाल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक ली गई। डॉ अश्विनी भागवत ने स्वास्थ्य सूचकांक, सिकल सेल एनीमिया, क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, टीकाकरण कार्यक्रम, एचआईएमएस, अनमोल एप, सर्वेलेंस कार्यक्रम, एनसीडी कार्यक्रम, एमडीआर, सीडीआर एवं एनआरसी की समीक्षा की। उन्होंने एनसीडी कार्यक्रम की उपलब्धि बढ़ाने, टीकाकरण कार्यक्रम में बीसीजी एवं पेंटावेलेट टीकाकरण की



उपलब्धि के आंकड़ों में भिन्नता पाये जाने पर सुधार करने, यूविन पोर्टल में 48 घंटे के अंदर एन्ट्री करने, स्वस्थ यकृत मिशन कार्यक्रम अंतर्गत केम्प लगाने एवं एनसीडी कार्यक्रम की उपलब्धि में प्रगति लाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने एनआरसी, सिकल सेल एनीमिया की उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर की। सीएमएचओ डॉ मनोज कुमार हुरमाडे ने समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी बैठक के पूर्व समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की उपलब्धि में दिये गये लक्ष्य अनुसार प्रगति लाए।


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीराम दरश्यामकर — सरपंच
रजनीकांत शुक्ला — सचिव
महेश सलाम — सहायक सचिव
ग्राम पंचायत मोखामाल, जिला बैतूल म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष साहू
न्यू दिलबहार स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट, बैतूल





स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं





मा. डॉ. योगेश पंडाग्रे
विधायक, आमला
मा. दीपक सिनोटिया
भाजपा मंडल अध्यक्ष, बगडोना





स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक शुभकामनाएं
कृषि उपज मंडी मुलताई

कार्यालय नगर परिषद् चिचोली
जिला-बैतूल म.प्र.
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील :-
1. पानी की हर एक बूंद कीमती है इसे व्यर्थ न बहायें।
2. वर्षा ऋतु के पानी को संचय करने हेतु वॉटर हार्वेस्टिंग अवश्य लगाए।
3. नगर को गंदगी मुक्त करने के लिए घर का कचरा एकत्रित कर नप के कचरा वाहनों में डाले।
4. नगर के सम्पत्ति कर एवं जल कर का भुगतान समय से करें।
5. यह नगर आपका है, मुख्य मार्ग एवं नगर के मार्गों पर अतिक्रमण न करें।





श्रीमती वर्षा रितेश मालवीय, अध्यक्ष नगर परिषद चिचोली
श्रीमती वर्षा संजय आंवलेकर, उपाध्यक्ष नगर परिषद चिचोली
सैय्यद आरिफ हुसैन
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद, चिचोली
पार्षदगण - श्रीमती अनिता आर्य, श्रीमती ज्योति पानकर, श्रीमती अनुसईया वानखेड़े, श्री जयप्रकाश राठौर, श्री रोहित आर्य, श्री आशाराम धुर्वे, श्री उमेश पेठे, श्री आशुतोष बाली मालवीय, श्री स्वरूपचंद मोटू यादव, श्रीमती मोहिनी जैन, श्रीमती सुलोचना मालवीय, श्री सुरेश आर्य, श्रीमती नेहा आर्य।

कार्यालय नगरपालिका परिषद मुलताई, जिला बैतूल (म.प्र.)
क्रमांक / विज्ञा.प्रका/स्था.शा/2025/ मुलताई, दिनांक- 14/08/2025
15 अगस्त 2025 'स्वतंत्रता दिवस' राष्ट्रीय पावन पर्व पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लोकतंत्र सेनानी एवं शहीदों को नमर करते हुए नगर के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाओं के साथ अपील की जाती है कि
अपील
1 जल ही जीवन है, इसे व्यर्थ ना बहायें। 2. नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सहयोग प्रदान करें। 3. जन्म, मृत्यु एवं विवाह का पंजीयन समय पर करायें। 4 बेटी है, तो कल है। 5 नगर पालिका के समस्त करो का भुगतान समय पर करें। 6 ताप्ती सरोवर में फुल मालाएँ, नारियल, पॉलिथीन इत्यादि का विसर्जन न करें। साथ ही पॉलिथीन बैग आदि प्रतिबंधित हैं। 7. घरो से निकलने वाला गीला व सुखा कचरा, कचरा संग्रहित करने वाले वाहनों में ही डाले। 8 अपने घरो के पास रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अवश्य बनाये।
श्रीमति वर्षा दिनेश गढेकर, अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद मुलताई
शिवकुमार माहोरे, उपाध्यक्ष, नगरपालिका परिषद मुलताई
वीरेन्द्र कुमार तिवारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद मुलताई
सर्वश्री माननीय सभापतिगण श्री डॉ. जी.ए. बारस्कर, श्री महेन्द्र पिल्लू जैन, श्री पंजाबराव चिकाने, श्री अजय यादव, श्रीमती शिल्पा मनीष शर्मा, श्रीमती कुसुम मारोती पवार, श्री रितेश नारायण विश्वकर्मा, सर्वश्री माननीय पार्षदगण - श्री सुरेश पौनीकर, श्रीमती निर्मला रामा उबनारे, श्रीमती नीतू प्रहलादसिंह परमार, श्रीमती वंदना नितेश साहू, श्रीमती अंजली सुमीत शिवहरे, श्रीमती साजेदा बेगम जाकिर

नवभारत समाचार पत्र में विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करे।
उमाकांत शर्मा, बैतूल मो. 9424009999

क्राफ्ट इंडिया शॉपिंग
2 अगस्त से भव्य शुभारंभ मेला सह प्रदर्शनी
हैण्डलूम, हैण्डीक्राफ्ट और गृह उपयोगी वस्तुये
EXPO सुनहरा अवसर
एंट्री/पार्किंग फ्री
TIME 10 AM TO 10 PM
30,000 विभिन्न प्रकार की घरेलू उपयोगी वस्तुएं एक ही छत के नीचे
भव्य प्रदर्शन व बिक्री
महाराष्ट्र, वेस्ट बंगाल, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मिर, नागालैंड, आसाम, छत्तीसगढ़, तामिलनाडू, हरियाणा, गुजरात, बिहार, राजस्थान, आंध्रप्रदेश एवं अन्य सभी राज्यों की गृह उपयोगी वस्तु भरपूर स्टॉक में उपलब्ध है।
स्थान न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड कोठीबाजार बैतूल

माँ शांतादेवी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
अब छात्रों को भोपाल इंदौर जाने की आवश्यकता ही नही, बैतूल में करें MBA
माँ शांतादेवी कॉलेज ऑफ फार्मेसी
Diploma in Pharmacy (2 Year) (12th Bio/Math's) For Year 2025-26
D फार्मेसी
(प्रवेश प्रारंभ) पता : इटारसी रोड, बैतूल मो. 9425003213, 7000863213 (प्रवेश प्रारंभ)